# एग्जाम गाइड

**1. विश्व का पहला एशियाई किंग वल्चर प्रजनन केंद्र कहां स्थापित किया जाएगा?**
(अ) गोवा (ब) गुजरात
(स) उत्तर प्रदेश (द) महाराष्ट्र

**2. विश्व के सबसे पुराने दीमक के टीले कहां पाए गए हैं?**
(अ) भारत (ब) बांग्लादेश
(स) चीन (द) दक्षिण अफ्रीका

**3. हाल ही दुनिया में नाइट्रस ऑक्साइड का दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक कौन बना है?**
(अ) भारत (ब) रूस (स) जापान (द) इटली

**4. किसे भारत के पहले एआइ विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त किया गया है?**
(अ) अमित गोयल (ब) साइमन माक
(स) सुबोध कुमार (द) दिलीप अवस्थी

**5. सहरिया विकास कार्यक्रम के प्रारंभ किए जाने का वर्ष है-**
(अ) 1970-71 (ब) 1972-73
(स) 1976-77 (द) 1977-78

**6. मध्य प्रदेश की पहली कल्चर लैब कहां स्थापित की गई है?**
(अ) इंदौर (ब) रतलाम
(स) उज्जैन (द) छिंदवाड़ा

**7. पाल राजवंश का पहला शासक कौन था?**
(अ) महेंद्र पाल (ब) गोपाल
(स) धर्मपाल (द) इनमें से कोई नहीं

**8. राखलदास बनर्जी ने किस स्थल की खोज की?**
(अ) हड़प्पा (ब) लोथल
(स) मोहनजोदड़ो (द) रोपड़

**9. निम्नलिखित में वह ग्रंथि कौनसी है, जो शरीर का ताप स्थायी रखती है?**
(अ) पीनियल-ग्रंथि (ब) पीयूष-ग्रंथि
(स) अवटु-ग्रंथि (द) हाइपोथैलेमस

**10. 'माओरी' जनजाति का निवास क्षेत्र कहां है?**
(अ) जापान (ब) न्यूजीलैंड (स) नीदरलैंड (द) फिनलैंड

**उत्तरमाला** 1.स 2.द 3.अ 4.ब 5.द 6.अ 7.ब 8.स 9.द 10.ब

मनपसंद विषय व प्रोफेशनल कोर्सेज नहीं होने से दो सत्र से खाली रह रही सीटें

# सरकारी कॉलेजों में फिर से होंगे प्रवेश

## रिक्त सीटों पर अभ्यर्थी 16 अगस्त तक कर सकेंगे आवेदन

**सीकर.** जिले के अधिकांश सरकारी कॉलेजों में इस बार भी सीटें रहीं खाली रह गई हैं। सीकर शहर के आर्ट्स कॉलेज, श्री कल्याण गर्ल्स कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज तोदी नगर व साइंस कॉलेज सबलपुरा में कई वर्गों की सीटें खाली रहने से 16 अगस्त तक दोबारा आवेदन मांगे गए हैं। कटऑफ 20 अगस्त को जारी की जाएगी और इसके बाद दस्तावेज सत्यापन व फीस जमा करवाने के बाद क्लासेज शुरू होंगी।

### इनमें हैं सीटें रिक्त

श्री कल्याण कन्या महाविद्यालय, सीकर के प्राचार्य प्रो. किशनसिंह ने बताया कि कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष में एसटी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस की सीटें खाली हैं। बीएससी फर्स्ट इयर में मैथ्स संकाय में एससी, एसटी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस, बीएससी जीव विज्ञान में एसटी, एमबीसी, ईडब्ल्यूएस वर्ग की सीटें खाली हैं। इसी कॉलेज में बीकॉम पार्ट प्रथम में भी एससी, एसटी, एमबीसी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस वर्ग की सीटें रिक्त हैं, इनके लिए छात्राएं आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर की वेबसाइट पर 16 अगस्त तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं।

### ये है मोहभंग होने का कारण

प्रदेशभर की सरकारी कॉलेजों में पिछले कुछ सालों से सीटें खाली रह रही है, इसके पीछे मुख्य कारण है कि अब छात्र प्रोफेशनल कोर्सेज की ओर ध्यान देने लगे हैं, प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के चलते भी सरकारी कॉलेजों में प्रवेश नहीं ले रहे हैं। वहीं श्री कल्याण गर्ल्स कॉलेज में एनसीसी व भूगोल विषय नहीं होने के चलते भी छात्राएं निजी कॉलेजों की तरफ रूख कर रही हैं। ऐसे में उच्च शिक्षा विभाग को छात्र-छात्राओं की इस समस्या की ओर ध्यान देना चाहिए और सरकारी कॉलेजों में भी प्रोफेशनल कोर्सेज, तकनीकी कोर्सेज पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि इस बार कॉमर्स कॉलेज में प्रोफेशनल कोर्सेज शुरू किए गए हैं। आर्टस कॉलेज कटराथल और कॉमर्स कॉलेज में ज्यादातर वर्गों में सीटें खाली हैं, ऐसे में यहां भी दोबारा आवेदन लिया जा रहा है।

### मैथ्स व बायो की सीटें भी खाली

साइंस कॉलेज सबलपुरा के प्राचार्य प्रोफेसर डीडी गुडेसरिया ने बताया कि कॉलेज में बीएससी सेमेस्ट प्रथम वर्ष में गणित वर्ग में ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी, एसटी एवं एमबीसी की सीटें खाली हैं। वहीं बायो वर्ग में एसटी व एमबीसी की सीटें रिक्त हैं।

## बेरोजगारों का इंतजार पूरा, कई बदलावों के बीच होगी परीक्षा,सात सितंबर तक कर सकते हैं आवेदन

# सीईटी के जरिए नौकरी के मौके ही मौके, सितंबर में होगी परीक्षा

टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

पत्रिका स्पॉट लाइट

### सीईटी स्नातक स्तर परीक्षा में अब निगेटिव मार्किंग भी



सीकर. जिला परिषद में पिछले दिनों हुए कार्यक्रम में नियुक्ति लेने उमड़े बेरोजगार (फाइल फोटो)

**सीकर.** राजस्थान में समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) स्नातक स्तर का इंतजार करने वाले युवाओं के लिए राहतभरी खबर है। इस परीक्षा के जरिए युवा आसानी से 11 भर्तियों में शामिल हो सकेंगे। पिछली बार सीईटी में असफल रहने वाले व नए अभ्यर्थियों की कई महीनों से चयन बोर्ड के फैसले पर निगाहें टिकी हुई थी। कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से बेरोजगारों की सरकारी नौकरी की उम्मीदें फिर से रफ्तार पकड़ने लगी है। सीईटी स्नातक स्तर का आयोजन 25 से 28 सितंबर के बीच किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए नौ अगस्त से सात सितंबर तक आवेदन किए जा सकते हैं।

### इस तरह होगी परीक्षा

सीईटी में अब निगेटिव मार्किंग भी होगी। सवाल के जवाब के पांच विकल्प दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को किसी सवाल का जवाब नहीं देने की स्थिति में पांचवें विकल्प को भरना जरूरी होगा। सीईटी में गलत उत्तर देने पर एक तिहाई अंक काटा जाएगा। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने पिछले दिनों सीईटी परीक्षा की विज्ञप्ति जारी कर दी। सीईटी के स्कोर के आधार पर अभ्यर्थी भविष्य में होने वाली 11 भर्तियों में हिस्सा ले सकेंगे। इस बार समान पात्रता परीक्षा में अभ्यर्थियों को न्यूनतम 40 फीसदी अंक लाना अनिवार्य किया गया है। इससे कम अंक आने पर उन्हें अपात्र घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि अनुसूचित जाति व जनजाति के अभ्यर्थियों को न्यूनतम अंकों में पांच प्रतिशत की छूट दी गई है।

### पांच लाख से अधिक आवेदन आने की आस

सीईटी स्नातक स्तरीय परीक्षा में इस साल पांच लाख से अधिक आवेदन आने की संभावना है। बेरोजगारों का कहना है कि सरकार को उन्ही विभागों के लिए सीईटी परीक्षा कराई जानी चाहिए जिन विभागों में इस साल परीक्षा होनी हो। सीकर निवासी सुलोचना कुमारी ने बताया कि इस नवाचार से बेरोजगारों के साथ सरकारी सिस्टम को भी काफी राहत मिल सकती है।

### ये भर्तियां होंगी शामिल

| भर्ती का नाम | पद का नाम |
| --- | --- |
| **गृह रक्षा विभाग:** | प्लाटून कमांडर |
| **जल संसाधन विभाग:** | जिलेदार और पटवारी |
| **कोष एवं लेखा विभाग:** | कनिष्ठ लेखाकार |
| **राजस्व मंडल:** | तहसील राजस्व लेखाकार |
| **महिला अधिकारिता:** | पर्यवेक्षक |
| **समेकित बाल विकास सेवाएं:** | पर्यवेक्षक |
| **कारागार विभाग:** | उप जेलर |
| **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग:** | छात्रावास अधीक्षक ग्रेड सेकंड |
| **राजस्व मंडल:** | पटवारी |
| **राजस्थान पंचायती राज:** | ग्राम विकास अधिकारी |
| **राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड:** | कनिष्ठ लेखाकार |

### कोचिंग सेक्टर को भी मिलेगा बूस्टर डोज

बजट के बाद भर्तियों की राह खुलने से कोचिंग सेक्टर को भी बूस्टर डोज मिल सकेगा। पिछली सीईटी में सीकर के युवाओं ने टॉप रैंकों पर कब्जा जमाया था। ऐसे में सीईटी की तैयारी के लिए दूसरे जिलों के अभ्यर्थी भी यहां दाखिले ले रहे हैं।


### एक्सपर्ट व्यू: तैयारी शुरू करें

कॉमन परीक्षा की पहल सरकार का बेहतर नवाचार है। पहले बेरोजगारों को अलग-अलग विभागों की भर्तियों के लिए अलग से तैयारी करनी पड़ती थी। अब सीईटी के जरिए बेरोजगार एक साथ 11 विभागों में विभिन्न पदों के लिए होने वाली भर्तियों की तैयारी कर सकते है। सितंबर में होने वाली सीईटी के लिए चयन बोर्ड ने कई बदलाव किए है। इसलिए युवाओं को इन बदलावों के साथ पेपर पैटर्न को समझते हुए तैयारी शुरू करनी चाहिए।

**डॉ चेतन जोशी,** एक्सपर्ट, सीकर

# रिज्युमे में आएगा निखार, करें यह टिप्स फोलो

*कॅरियर की शुरुआत में कई चीजें ऐसी होती हैं, जिन पर अगर समय पर गौर कर लें तो हमें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। यहां हम इसी से जुड़े कुछ टिप्स लेकर आए हैं,* ***आइए जानें...***





**डॉ.अनिल मेहता,**
प्रोफेसर प्रबंधन, विधि विभाग, वनस्थली विद्यापीठ

- पढ़ाई के दौरान या उसके बाद इंटर्नशिप करें। इससे आपको प्रैक्टिकल एक्सपीरियंस होगा। साथ ही, आपके रिज्युमे में भी निखार आएगा।
- आपने जिस स्ट्रीम में कोर्स किया है अथवा डिग्री ली है, उस क्षेत्र से संबंधित नई तकनीकों और रुझानों से अवगत रहें।
- अपने कॅरियर में नए अवसरों के लिए तैयार रहें और बदलावों को अपनाएं।
- हमेशा नई चीजें सीखने के लिए तैयार रहें और अपने अनुभवों से सीखें।
- अपने कार्यों पर सीनियर्स एवं अन्य संबंधित लोगों से फीडबैक अवश्य लें। नेगेटिव फीडबैक मिलने पर उसमें सुधार भी करें।
- सीखने की प्रक्रिया कभी न रोकें। नए कोर्सेज करते रहें और सर्टिफिकेट्स लेते रहें।
- स्वस्थ दिमाग और अच्छी सेहत के साथ ही आप अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे, इसलिए हैल्थ का ध्यान रखें।
- नियमित रूप से अपने कॅरियर और व्यक्तिगत विकास का मूल्यांकन करें।

## एग्जाम गाइड

**1. विश्व का पहला एशियाई किंग वल्चर प्रजनन केंद्र कहां स्थापित किया जाएगा?**
(अ) गोवा (ब) गुजरात
(स) उत्तर प्रदेश (द) महाराष्ट्र

**2. विश्व के सबसे पुराने दीमक के टीले कहां पाए गए हैं?**
(अ) भारत (ब) बांग्लादेश
(स) चीन (द) दक्षिण अफ्रीका

**3. हाल ही दुनिया में नाइट्रस ऑक्साइड का दूसरा सबसे बड़ा उत्सर्जक कौन बना है?**
(अ) भारत (ब) रूस (स) जापान (द) इटली

**4. किसे भारत के पहले एआइ विश्वविद्यालय में कुलपति नियुक्त किया गया है?**
(अ) अमित गोयल (ब) साइमन माक
(स) सुबोध कुमार (द) दिलीप अवस्थी

**5. सहरिया विकास कार्यक्रम के प्रारंभ किए जाने का वर्ष है-**
(अ) 1970-71 (ब) 1972-73
(स) 1976-77 (द) 1977-78

**6. मध्य प्रदेश की पहली कल्चर लैब कहां स्थापित की गई है?**
(अ) इंदौर (ब) रतलाम
(स) उज्जैन (द) छिंदवाड़ा

**7. पाल राजवंश का पहला शासक कौन था?**
(अ) महेंद्र पाल (ब) गोपाल
(स) धर्मपाल (द) इनमें से कोई नहीं

**8. राखलदास बनर्जी ने किस स्थल की खोज की?**
(अ) हड़प्पा (ब) लोथल
(स) मोहनजोदड़ो (द) रोपड़

**9. निम्नलिखित में वह ग्रंथि कौनसी है, जो शरीर का ताप स्थायी रखती है?**
(अ) पीनियल-ग्रंथि (ब) पीयूष-ग्रंथि
(स) अवटु-ग्रंथि (द) हाइपोथैलेमस

**10. 'माओरी' जनजाति का निवास क्षेत्र कहां है?**
(अ) जापान (ब) न्यूजीलैंड (स) नीदरलैंड (द) फिनलैंड

**उत्तरमाला** [illegible]

me.next ... कॅरियर की उड़ान

रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड

# सेंट्रल गवर्मेंट जॉब का सपना हो सकता है पूरा, करें आवेदन

*रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड ने 7951 भर्तियों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें जूनियर इंजीनियर, डिपो मैटेरियल सुपरिटेंडेंट, केमिकल एंड मेटालर्जिकल असिस्टेंट, केमिकल सुपरवाइजर(रिसर्च) एवं मेटालर्जिकल सुपरवाइजर रिसर्च के पद शामिल हैं। इसके लिए आयु सीमा 18 से 36 वर्ष निर्धारित की गई है। आरक्षित वर्गों के लिए छूट दी गई है। आवेदन फीस 500 रुपए रखी गई है। वहीं, आरक्षित वर्गों के*




*लिए यह फीस 250 रुपए है। शैक्षणिक योग्यता पदों के हिसाब से अलग-अलग है। अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट* https://www.rrbapply.gov.in/#/auth/landingU *पर जाकर देखें और इसी वेबसाइट पर आवेदन करें।*

## सलेक्शन प्रोसेस

**फर्स्ट** एवं सेकण्ड स्टेज पर कम्प्यूटर आधारित टेस्ट( सीबीटी प्रथम एवं सीबीटी द्वितीय) लिया जाएगा। इनमें उत्तीर्ण होने के बाद डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन किया जाएगा। और फिर मेडिकल एग्जामिनेशन होगा।

## अंतिम तिथि

**आवेदन** करने की अंतिम तिथि 29 अगस्त 2024 है। हेल्प के लिए उम्मीदवार इस ईमेल आइडी rrb.help@csc.gov.in पर मेल कर सकते हैं। इसके अलावा सुबह 10 बजे से लेकर शाम 05 बजे के बीच इन नंबर्स 9592001188, 01725653333 पर कॉल भी कर सकते हैं।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर

# आइआइटी, गांधीनगर हर साल देता है स्कॉलरशिप

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, गांधीनगर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के होनहार अथवा शैक्षणिक गतिविधियों में अच्छा प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स को हर साल वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह फीस में कन्सेशन या फिर स्टूडेंट के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर की जाती है। इसका उद्देश्य उन्हें अकादमिक में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करना है। ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों के चयनित छात्रों के लिए योग्यता-सह-साधन (एमसीएम) मूल्यों के आधार पर छात्रवृत्ति दी जाती है। इसके अतिरिक्त और भी क्राइटेरिया निर्धारित किए गए हैं। स्कॉलरशिप देने वालों में संस्थान के अलावा कुछ बाहरी डोनर भी



## छात्रवृत्ति के पैरामीटर्स

- शैक्षणिक उत्कृष्टता
- खेलकूद उत्कृष्टता
- कला एवं संस्कृति
- सोशल वर्क एवं लीडरशिप
- मेरिट-कम-मींस
- डोनर स्कॉलरशिप

शामिल हैं। अधिक जानकारी के लिए इस वेबसाइट https://www.iitgn.ac.in/students/scholarships-overview पर जाएं।

# हादसे का इंतजार : हेलमेट लगाकर की पढ़ाई



**कोटा @ पत्रिका.** राजकीय वाणिज्य महाविद्यालय भवन जर्जर अवस्था में है। महाविद्यालय की ऐसी कोई दीवार शेष नहीं बची, जिससे प्लास्टर न उखड़ा हो और ऐसा कोई कक्षा-कक्ष नहीं बचा, जिसकी छत न टपकती हो। महाविद्यालय के भीतर के छज्जे बारिश में ढह चुके हैं। हर समय कॉलेज में खतरा मंडराता रहता है। एनएसयूआइ छात्र संगठन ने विरोध स्वरूप छात्रों को हेलमेट पहनाकर कक्षा में बैठाया और पढ़ाई करवाई। जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा ने बताया कि कॉलेज में हर पल हादसे का अंदेशा बना हुआ है, लेकिन कॉलेज प्रशासन और अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिला प्रशासन ने एलडीसी भर्ती परीक्षा के लिए 400 छात्रों की परीक्षा के लिए महाविद्यालय को सेंटर बनाया है। इस असुरक्षित इमारत में बैठकर छात्र परीक्षा देंगे। गौरतलब है कि राजस्थान पत्रिका इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए गत 21 जुलाई को 'यहां खतरे के साए में खुद 'चेतावनी', शीर्षक से समाचार प्रकाशित कर प्रशासन को चेता चुका है।

### शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलवाने, ट्रेडिंग के नाम पर खाते में सेंध लगा रहे जालसाज

# सैलेरी पैकेज का लालच दे युवाओं को फंसा रहे साइबर ठग

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**कोटा.** साइबर ठग युवाओं को नए-नए चक्रव्यूह में फंसा रहे हैं। ठग युवाओं को रोजगार दिलवाने, अच्छे सैलेरी पैकेज दिलवाने, शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलवाने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। प्लेसमेंट एजेंसी या व्यक्तिगत रूप से नौकरी में अच्छा रुपया दिलवाने और आराम की नौकरी के नाम पर युवाओं से सिक्योरिटी और प्रोसेसिंग के बहाने रुपए ठग रहे हैं। ठग युवा की पूरी प्रोफाइल को सोशल मीडिया से पहले ही निकाल लेते हैं। इसके बाद किसी कंपनी के नाम से ऑफर लेटर तैयार करके युवाओं के ई-मेल पर भेजते हैं।एक दो दिन बाद फोन पर संपर्क करते हैं। कॉलेज से पास आउट युवा झांसे में फंस जाते हैं।

## केस 1
### सरकारी नौकरी के नाम पर 49 हजार रुपए ठगे

**महावीर** नगर द्वितीय निवासी जय कुमार को 17 जुलाई को ठग ने फोन कर रेलवे में वैकेंसी का झांसा दिया। ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक भेज फार्म भरवाया। इसके बाद इंटरव्यू भी लिया। आधार नंबर और बैंक खाते की जानकारी मांगी। जानकारी देते ही 49 हजार निकाल लिए।



## केस 2

**कोटा** सिटी में रेलवे कॉलोनी थानाक्षेत्र में 28 फरवरी को छवि गोस्वामी से पड़ोसी नमन सक्सेना ऑनलाइन गेम के नाम पर लाखों की ठगी की।

## केस 3
### ट्रेडिंग के नाम पर खाते से निकाले लाखों रुपए

**रामगंजमंडी** निवासी विनय कुमार शर्मा से 12 अप्रेल को लिंक भेजकर ट्रेडिंग के नाम पर मोटा मुनाफा देने 13 लाख रुपए की ठगी की। साइबर ठग ने विनय से कई बार ऑनलाइन रुपए ठगे। जब तक ठगी का अहसास हुआ विनय के खाते से 18 लाख रुपए निकाले जा चुके थे।

### राजस्थान साइबर ठगी में टॉप फाइव में

***साल** 2023 में वित्तीय साइबर धोखाधड़ी के कुल 11.28 लाख मामले सामने आए। इसमें सबसे अधिक मामले उत्तर प्रदेश में करीब 2 लाख, दूसरे नंबर पर महाराष्ट्र में 1.30 लाख, गुजरात में 1.20 लाख, राजस्थान में 80 हजार और हरियाणा में भी 80 हजार मामले दर्ज किए गए।*

### शेयर बाजार में मुनाफे के नाम पर ठगी

**ठग** युवाओं व व्यापारियों को शेयर बाजार में मोटा मुनाफा दिलवाने के नाम पर ऑनलाइन रुपए ले लेते हैं। इसके बदले मुनाफे का मैसेज करते हैं। जाल में फंसा युवा व व्यापारी लगातार कई बार ठगते हैं। जब तक शिकार को पता लगता है। उसकी मोटी राशि ठगी जा चुकी होती है।

### जल्द शिकायत से मिल सकती है राहत

**ठगी** के मामले में साइबर थाने में जितनी जल्दी शिकायत की जाए, उतना बेहतर है। जल्दी शिकायत करने पर राशि को रिकवर करने की संभावनाएं भी अधिक होती है। इसके अलावा ठग का सिमकार्ड भी ब्लॉक कर दिया जाता है।

### किसी को पर्सनल डिटेल न दें

युवाओं को नौकरी दिलवाने, शेयर बाजार में मुनाफा दिलवाने के नाम पर ठगा जा रहा है। ठगी से बचने का सबसे अच्छा तरीका है। मोबाइल व कम्प्यूटर पर अनाधिकृत सॉफ्टवेयर और ऐप डाउनलोड न करें। अपने बारे खासकर अपने खाते संबंधी डिटेल और ओटीपी किसी को न दें। किसी अनजान के मांगने पर रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर न करें। नौकरी व अधिक रुपए कमाने, इनाम पाने के लालच में रुपए शेयर न करें। ऐसा करने से आप साइबर ठगी से बच सकते हैं। **विनोद कुमार,** डीएसपी, साइबर थाना

कौन सुने संगीत अभ्यर्थियों की पीड़ा... राजस्थान में आस नहीं, दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश

# 32 साल में सिर्फ 28 नौकरी दी... हर साल एक हजार संगीत की डिग्री बांट रही सरकार

पत्रिका स्पॉटलाइट

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कला-संगीत को बढ़ावा, लेकिन राज्य में गिर रहा स्तर

टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

**जयपुर.** राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कला और संगीत को बढ़ावा दिया गया है, लेकिन राजस्थान में संगीत शिक्षा के नाम पर सिर्फ डिग्रियां बांटी जा रही हैं। इस विषय के अभ्यर्थियों को नौकरी देने से सरकार पीछे हट रही है। आलम यह है कि पिछले 32 साल में संगीत में सिर्फ 28 नौकरी दी गई है।

राज्य के 23 राजकीय महाविद्यालय और 41 निजी महाविद्यालय में संगीत विषय स्नातक और स्नातकोत्तर डिग्री का प्रशिक्षण देकर लगभग एक हजार संगीत शिक्षक तैयार कर संगीत विषय में डिग्री दी जा रही है। इसके अलावा राज्य के विश्वविद्यालय अलग हैं, जहां संगीत में डिग्री के लिए संगीत विभाग बने हुए हैं। संगीत शिक्षकों की भर्ती नहीं होने के कारण राज्य से बेरोजगार संगीत शिक्षकों को मजबूरी में राजस्थान को छोड़कर अन्य राज्यों की ओर रुख करना पड़ता है। प्रदेश में करीब पांच से आठ हजार संगीत के डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को बरसों से नौकरी का इंतजार है।




## स्कूलों में संगीत शिक्षा का यह हाल

**राज्य** के सरकारी स्कूलों में संगीत विषय की वर्तमान में स्थिति की बात करें तो बहुत बुरे हाल हैं। कक्षा 1 से 10 तक स्कूलों में संगीत अनिवार्य विषय होते हुए भी हजारों बच्चों को संगीत विषय के शिक्षण से वंचित होना पड़ता है। राज्य सरकार ने वर्ष 1992 में संगीत शिक्षकों के द्वितीय और तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती बंद कर दी, वहीं राजस्थान के 14032 राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मात्र 43 विद्यालयों में ही संगीत विषय ऐच्छिक विषय के रूप से संचालित हैं। इन स्कूलों में मात्र 43 पद स्कूल व्याख्याता के सृजित हैं, जिसमें 28 पदों पर संगीत शिक्षक कार्यरत हैं। इसके अलावा इनमें 15 पद रिक्त चल रहे हैं।

## राजस्थान में संगीत शिक्षा की अहमियत

**संगीत** अभ्यर्थी गौरव योगी के अनुसार राजस्थान, अपनी सांस्कृतिक धरोहर और विविधता के लिए प्रसिद्ध है। यहां का संगीत न केवल राज्य की पहचान है, बल्कि यह भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा भी है। राजस्थानी लोक संगीत जैसे गेर, घूमर और कालबेलिया देशभर में लोकप्रिय हैं और इनका महत्व केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि ये हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को भी दर्शाते हैं। राजस्थान के कई संस्थान जयपुर के राजस्थानी लोक कला संस्थान, संगीत शिक्षा को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। ये संस्थान न केवल शास्त्रीय और लोक संगीत की शिक्षा देते हैं, बल्कि युवा प्रतिभाओं को मंच भी प्रदान करते हैं।

राज्य सरकार संगीत विषय में जितनी डिग्री बांट रही है, उतनी रोजगार की व्यवस्था भी करें। ताकि राज्य के बेरोजगार संगीत शिक्षकों को अन्य राज्यों में जाने के लिए मजबूर नहीं होना पड़े। जबकि कक्षा 1 से 10 तक संगीत अनिवार्य विषय है, लेकिन शिक्षकों के पद सृजित नहीं है। **सुरेन्द्र मिश्रा,** संगीत शिक्षक अभ्यर्थी

संगीत शिक्षा न केवल बच्चों को संगीत की बुनियादी तकनीक सिखाती है, बल्कि उनकी मानसिक और भावनात्मक विकास में भी सहायक होती है। संगीत शिक्षा से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और रचनात्मकता का विकास होता है। राजस्थान में संगीत शिक्षा की अहमियत केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, यह समाज और संस्कृति के समग्र विकास में भी सहायक है। सरकार को संगीत शिक्षा को प्रोत्साहित करना चाहिए और युवाओं को इस क्षेत्र में नौकरी के अवसर प्रदान करने चाहिए। **महेश गुर्जर,** सचिव, कला शिक्षा आंदोलन

# परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने वाला मुख्य आरोपी अभ्यर्थी गिरफ्तार

## राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक हिंदी परीक्षा-2022

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक हिंदी परीक्षा-2022 में अभ्यर्थी द्वारा अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अजमेर पुलिस गिरफ्तार आरोपी अभ्यर्थी को अदालत में पेश करेगी। पुलिस जांच में सामने आया है कि डमी अभ्यर्थी आरोपी का दोस्त था और दोनों के बीच पांच लाख में परीक्षा देने का सौदा हुआ था। आरोपी ने एडमिट कार्ड में दोस्त की फोटो लगाकर परीक्षा में बैठाया। पूर्व में पुलिस डमी अभ्यर्थी को पकड़कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज चुकी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



पुलिस गिरफ्त में मुख्य आरोपी अभ्यर्थी।

सहायक उप निरीक्षक प्रभु लाल ने बताया कि 10 जनवरी को सिविल लाइन थाने में राजस्थान लोक सेवा आयोग के सहायक सचिव सायरमल कुमार की ओर से परीक्षा में डमी अभ्यर्थी बैठाने का मुकदमा दर्ज कराया गया था। सहायक सचिव द्वारा शिकायत दी गई थी कि जिला सांचौर निवासी अभ्यर्थी ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम खिलेरी ने वरिष्ठ अध्यापक हिंदी परीक्षा में प्रवेश पत्र में छेड़छाड़ कर अपने स्थान पर डमी अभ्यर्थी सांचौर निवासी भैराराम बिश्नोई से परीक्षा दिलवाई थी। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज किया था मामले की जांच अभय कमांड एडिशनल एसपी संजय शर्मा को दी गई थी।

**डमी अभ्यर्थी आरोपी का दोस्त** :-सहायक उप निरीक्षक प्रभुलाल ने बताया कि मामले में मुख्य आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश फरार चल रहा था जबकि डमी अभ्यर्थी भैराराम बिश्नोई को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था, ओमप्रकाश व भैराराम दोस्त है। पुलिस गिरफ्तार डमी अभ्यर्थी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश किया, जहां से अदालत ने न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। साथ ही भेराराम के खिलाफ चालान भी पेश कर दिया गया है।

> ■ **डमी अभ्यर्थी आरोपी का दोस्त था और दोनों के बीच पांच लाख में परीक्षा देने का सौदा हुआ था**

जांच अधिकारी प्रभुलाल ने बताया कि मामले में फरार चल रहे आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश पुत्र बाबूराम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ओमप्रकाश बार-बार परीक्षा में फेल हो रहा था इसके बाद डमी अभ्यर्थी भेराराम के द्वारा आरोपी से कहा गया कि वह बार-बार फेल हो रहा है इस बार उसकी जगह एग्जाम दे देगा क्या। बाद में दोनों के बीच सौदा होने पर आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश ने डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा दिलवाई। जांच अधिकारी प्रभु लाल ने बताया कि ओमप्रकाश के द्वारा डमी अभ्यर्थी भैराराम को जोधपुर में 5 लाख रुपए दिए गए थे। पुलिस के द्वारा जहां पैसे दिए गए वहां की मौका तस्दीक भी कर ली गई है। डमी अभ्यर्थी ने मुख्य आरोपी अभ्यर्थी ओमप्रकाश के एडमिट कार्ड में फोटो बदलकर परीक्षा दी थी। पुलिस ने मामले में आरोपी अभ्यर्थी को आज कोर्ट में पेश कर अनुसंधान किया जाएगा। जांच में यह बात सामने आई थी भैराराम 2022 में हिंदी लेक्चरर परीक्षा पास कर चुका है, जिसमें वह राजस्थान में टॉपर रहा था। पैसों के लालच में उसने दोस्त के स्थान पर डमी अभ्यर्थी के रूप में परीक्षा दी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# अब संस्कृत विश्वविद्यालय में होगी लॉ की पढ़ाई

## यूनिवर्सिटी ने सरकार के सहयोग से की तैयारियां

**ब्यूरो/नवज्योति, जयपुर।** आज भारतीय गुरुकुल पद्धति को अपनाने की जरूरत है, क्योंकि इसके माध्यम से गुरु शिष्य संबंधों को फिर से जीवंत किया जा सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए देश के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में विधि पाठ्यक्रम की शुरूआत की गई है, इसकी स्वीकृति भी मिल गई है तो अब संस्कृत विश्वविद्यालय में भारतीय विधिशास्त्र की पढ़ाई शुरू हुई है। संस्कृत में ही यह पाठ्यक्रम तैयार किया गया हैं और आने वाले दिनों में इसमें से यदि एडवोकेट निकलते हैं तो ये एक बहुत बड़ा परिवर्तन होगा।

**संस्कृत भाषा के जरिए भारत दोबारा विश्व गुरु बनेगाः** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि आचार में स्वतंत्र और स्वच्छंद होना, विकास नहीं है, बल्कि विचार में स्वतंत्र होना जरूरी है। संस्कृत भाषा के जरिए भारत दोबारा विश्व गुरु बने, विकसित भारत बने, इस पर चर्चा की जा रही है, क्योंकि आज जितने भी वैज्ञानिक रिसर्च कर रहे हैं, वो सभी हमारे वेदों पर आधारित है. ऐसे में इसे समझना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जो छात्र स्कूलों में अंग्रेजी भाषा में पढ़ाई कर रहे हैं, वो सिर्फ किताबी ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। उन्हें संस्कार प्राप्त करने के लिए संस्कृत का ज्ञान होना जरूरी है। ऐसे में प्रो. वरखेड़ी ने पार्कों में संस्कृत के गीत, संस्कृत में विचार गोष्ठी, विचारों का आदान-प्रदान और समसामयिक विषयों पर संस्कृत में वार्ता करने का प्रयास शुरू करने का ऐलान किया।

# बिना एग्जाम सरकारी नौकरी पाने का सुनहरा मौका

मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने विभिन्न पदों पर बिना परीक्षा के डायरेक्ट एंट्री से सरकारी नौकरियों के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है।

अगर आप भी सरकारी नौकरी की तलाश कर रहे हैं तो अब आपकी तलाश खत्म हुई है। इससे अच्छा मौका बिना परीक्षा के सरकारी नौकरी पाना बार-बार नहीं आता है, इसलिए आज ही ऑफिशियल वेबसाइट mppgcl.mp.gov.in पर जाएं और ऑनलाइन भर्ती के लिए आवेदन करें। आवेदन करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त, 2014 है।




शिक्षा विभाग राजस्थान टेलीग्राम चैनल जॉइन करें

**कौन-कौन से पदों पर मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड उम्मीदवारों की भर्ती करेगा :** फिटर- 12

इलेक्ट्रीशियन- 28

टर्नर- 07

वेल्डर- 18

इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक

कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट - 17

इलेक्ट्रॉनिक्स मशीन- 06

इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 95 पदों पर उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी।

## उम्मीदवारों की योग्यता

आवेदन करने के लिए उम्मीदवार के पास दसवीं की मार्कशीट होनी चाहिए और किसी भी मान्यता प्राप्त कॉलेज या इंस्टीट्यूट से आईटीआई की डिग्री होनी आवश्यक है। आपको बता दें कि उम्मीदवार का किसी भी स्थापना संस्था में इससे पहले अप्रेंटिसशिप हेतु रजिस्ट्रेशन न हुआ हो और किसी भी संस्थान में एक वर्ष या उससे अधिक समय तक काम नहीं किया हो। उम्मीदवारों का चयन उनके उनके द्वारा प्राप्त सीजीपीए के आधार पर बनी मेरिट लिस्ट के आधार पर किया जाएगा।

उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 1 जुलाई 2024 के हिसाब से 18 वर्ष होनी चाहिए। उम्मीदवारों का चयन करने के लिए सबसे पहले प्राप्त आवेदनों में से कुछ उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा। इसके बाद उम्मीदवारों द्वारा आईटीआई डिग्री में प्राप्त सीजीपीए (CGPA) के आधार पर एक लिस्ट बनाई जाएगी। आपको यह भी बता दें कि यदि लिस्ट में दो उम्मीदवारों की सीजीपीए (CGPA) एक समान हुई तो जिस उम्मीदवार की उम्र ज्यादा होगी, उसका सिलेक्शन किया जाएगा। उम्मीदवारों को एक साल का आईटीआई अप्रेंटिस करने पर 7700 रुपये का स्टाईपेंड और दो वर्षीय आईटीआई अप्रेंटिस करने पर 8500 रुपये का स्टाईपेंड दिया जाएगा।

उम्मीदवारों को बता दें कि इस भर्ती के लिए केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासी ही आवेदन कर सकते हैं। अप्रेंटिस के लिए उम्मीदवार एक बार में केवल एक ही ट्रेड में अप्लाई कर सकते हैं, यदि कोई उम्मीदवार एक से ज्यादा ट्रेड में आवेदन करेगा तो उसका आवेदन रद्द कर दिया जाएगा। ज्यादा जानकारी प्राप्त करने के लिए उम्मीदवारों को ऑफिशियल वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

# इंडियन ऑयल में अपरेंटिसशिप के 400 पदों पर भर्ती

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने ट्रेड, तकनीशियन और ग्रेजुएट अपरेंटिस के 400 पदों पर योग्य उम्मीदवार आमंत्रित किए हैं। आईओसीएल द्वारा यह भर्ती तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, आंध्रप्रदेश और तेलंगाना राज्य के लिए की जा रही है। इस वैकेंसी में फिटर, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक और मैकेनिक, मशीनिस्ट के पद शामिल हैं। साथ ही मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इंस्ट्रूमेशन, सिविल और इलेक्ट्रॉनिक्स के विषयों में तकनीशियन और ग्रेजुएट रोल भी शामिल है। इन पदों पर भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवार 19 अगस्त 2024 तक आवेदन कर सकेंगे।




**पदों की डिटेल्स :** ट्रेड, तकनीशियन, ग्रेजुएट अपरेंटिस

**एजुकेशन क्वालिफिकेशन :** आईओसीएल में अपरेंटिस के पदों पर अप्लाई करने के लिए ट्रेड के अनुसार उम्मीदवारों के पास आईटीआई, डिप्लोमा या या अपरेंटिस से जुड़ी शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए।आयु सीमा : आवेदन के लिए कैंडिडेंट्स की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और 31.07.2024 तक अधिकतम आयु 24 वर्ष होनी चाहिए। इसके अलावा एससी/ एसटी को 5 वर्ष तक (29 वर्ष), ओबीसी-एनसीएल को 3 वर्ष तक( 27 वर्ष) और पीडब्ल्यूबीडी कैटेगरी के लोगों को 10 वर्ष तक (एससी-एसटी 15 वर्ष और ओबीसी-एनसीएल को 13 वर्ष तक) की आयु सीमा में छूट दी जाएगी।

**चयन प्रक्रिया :** आईओसीएल में अपरेंटिस के पदों पर चयन के लिए लिखित परीक्षाएं कराई जाएंगी। साथ ही उम्मीदवारों को इंटरव्यू भी लिया जाएगा।

**आवेदन की प्रक्रिया :** आईओसीएल में अपरेंटिस के पदों पर आवेदन के लिए आईओसीएल की ऑफिशियल वेबसाइट iocl.com. पर विजिट करें।

# राजस्थान में असिस्टेंट इंजीनियर के 1014 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने आज असिस्टेंट इंजीनियरिंग संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2024 नोटिफिकेशन जारी किया है। जिन उम्मीदवारों को आवेदन करना है वो आधिकारिक वेबसाइट https://rpsc.rajasthan.gov.in/ पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। आपको बता दें कि इस भर्ती के लिए 5 अगस्त को नोटिफिकेशन जारी किया गया है. अभी इसके लिए आवेदन शुरू नहीं हुए हैं। आवेदन करने की तारीख 14 अगस्त है। आपको बता दें कि कुल 1014 पदों पर भर्ती होनी हैं। आवेदन की आखिरी तारीख 12 सितंबर को रात 12 बजे तक है। आपको बता दें कि इस भर्ती में उम्मीदवारों का चयन प्रीलिम्स एग्जाम , मुख्य परीक्षा और इंटरव्यू के बाद किया जाएगा। ज्यादा जानकारी के लिए आप आधिकारिक वेबसाइट से पूरा नोटिफिकेशन पढ़ सकते हैं। इस भर्ती के एग्जाम की डेट्स के बारे में बाद में जानकारी दी जाएगी। इन पदों पर आवेदन के लिए आयु सीमा कम से कम 21 साल और अधिक से अधिक 40 साल है। आरक्षण के नियम के अनुसार उम्र सीमा में छूट दी जाएगी।

**आरपीएससी 2024 पदों का विवरण :** राज्य भर के विभिन्न विभागों में भर्ती के लिए कुल 1041 असिस्टेंट इंजीनियर के पदों पर भर्ती होगी।

पीएचईडी (सिविल) 365, पीएचईडी (मेक/इलेक्ट) 101, पीडब्ल्यूडी (सिविल) 125, पीडब्ल्यूडी (इलेक्ट्रिकल) 20, डब्ल्यूआरडी (सिविल) 156, डब्ल्यूआरडी (मैकेनिकल) 07, पंचायती राज विभाग (सिविल/कृषि) 240

**शैक्षिक योग्यता:** उम्मीदवारों के पास नोटिफिकेशन में लिखी हुई पदों के अनुसार शैक्षिक योग्यता होनी चाहिए। उम्मीदवार के पास किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से (सिविल) / (मैकेनिकल या इलेक्ट्रिकल) (इलेक्ट्रिकल) / (मैकेनिकल) / सिविल / कृषि इंजीनियरिंग सहित संबंधित विषयों में। बी.ई.की योग्यता होनी चाहिए।

# असिस्टेंट प्रोफेसर के 2424 पदों पर भर्ती, 7 अगस्त से शुरू होंगे आवेदन

हरियाणा लोक सेवा आयोग, एचपीएससी ने सहायक प्रोफे सर पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 7 अगस्त से शुरू होगी और 27 अगस्त, 2024 को समाप्त होगी। इच्छुक और योग्य उम्मीदवार एचपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट द्धश्चह्यष्.द्दश1.द्बठ्ठ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस भर्ती अभियान के तहत 2424 पदों को भरा जाएगा।



**शैक्षणिक योग्यता**- उम्मीदवारों के पास किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी से मास्टर्स की डिग्री उस विषय में होनी चाहिए, जिसके लिए वे अप्लाई कर रहे हैं, साथ ही उनके मास्टर्स में कम से कम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए। मैट्रिक तक हिन्दी/संस्कृत का ज्ञान होना आवश्यक है। उम्मीदवारों ने यूजीसी या सीएसआईआर द्वारा आयोजित नेशनल एलिजीबिटी टेस्ट पास किया होना चाहिए या उनके पास पीएचडी डिग्री होनी चाहिए।

**चयन प्रक्रिया**-स्क्रीनिंग टेस्ट, विषय ज्ञान परीक्षण, साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा के द्वारा चयन किया जाएगा। स्क्रीनिंग टेस्ट में 100 एमसीक्यू शामिल हैं और समय अवधि 2 घंटे है। परीक्षा कुल 100 अंक की होगी। सभी प्रश्नों के अंक समान होंगे। प्रत्येक प्रश्न में पांच विकल्प (ए, बी, सी, डी और ई) होंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक-चौथाई अंक काटा जाएगा। विषय ज्ञान परीक्षण की अवधि 3 घंटे है। इंटरव्यू का वेटेज 12.5त्र होगा। पहली मेरिट सूची विषय ज्ञान परीक्षण और साक्षात्कार/मौखिक परीक्षा के अंकों को जोड़कर तैयार की जाएगी।

**आयु सीमा**- आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 21 वर्ष और अधिकतम आयु 42 वर्ष 15 जुलाई, 2024 तक होनी चाहिए।

**एप्लीकेशन फीस**- जनरल कैटेगरी के पुरुष उम्मीदवारों को 1000 रुपये की एप्लीकेशन फीस भरनी होगी। जनरल कैटेगरी की महिला उम्मीदवारों को 250 रुपये फीस देनी होगी। एससी, बीसीए, बीसीबी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 250 रुपये फीस जमा करनी होगी। हरियाणा के दिव्यांग उम्मीदवारों को कोई फीस नहीं देनी होगी।

# रेलवे में 10वीं पास के लिए 3317 भर्तियां

वेस्ट सेंट्रल रेलवे, जबलपुर ने अप्रेंटिस के तीन हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती के लिए आवेदन निकाले हैं। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 5 अगस्त से शुरू हो चुके हैं और आवेदन करने की आखिरी तारीख 4 सितंबर 2024 है।

## वैकेंसी डिटेल

इस भर्ती परीक्षा में शामिल होने के लिए उम्मीदवार केवल ऑनलाइन आवेदन ही कर सकते हैं। इस भर्ती प्रक्रिया के जरिए कुल 3317 पदों पर भर्ती होगी।

इनमें से कुल 1262 पद जेबीपी डिवीजन, 824 पद बीपीएल डिवीजन, 832 पद कोटा डिवीजन, 175 पद सीआरडब्ल्यूएस बीपीएल डिवीजन, 196 पद डब्ल्यूआरएस कोटा डिवीडन, 28 पद एचक्यू/जेबीपी डिवीजन के लिए हैं।




## आवेदन के लिए क्या पात्रता है

इस भर्ती प्रक्रिया का हिस्सा बनने के लिए उम्मीदवार को कम से कम 50 प्रतिशत अंकों के साथ दसवीं परीक्षा पास होना जरूरी है। कुछ पदों के लिए 12वीं पास उम्मीदवार भी पात्र होंगे। ज्यादा जानकारी के लिए आप आधिकारिक वेबसाइट wcr.indianrailways.gov.in पर विजिट कर सकते हैं।

## आयु सीमा

इन भर्तियों के लिए 15 से 24 साल तक के उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं। आरक्षित श्रेणी को आयु सीमा में पांच साल की छूट प्रदान की जाएगी। आयु सीमा में पांच साल की छूट एससी व एसटी कैटेगरी वालों के लिए है। जबकि ओबीसी कैटेगरी वालों को 3 साल की छूट मिलेगी।

आवेदन फीस- इस भर्ती परीक्षा का हिस्सा बनने के लिए जनरल कैटेगरी के उम्मीदवारों को 141 रुपए बतौर फीस देने होंगे। जबकि एससी, एसटी, पीएच कैटेगरी व महिला उम्मीदवारों को 41 रुपए शुल्क देना होगा।

## उम्मीदवारों का चयन कैसे होगा

उम्मीदवारों का चयन मेरिट लिस्ट के आधार पर होगा। जिसका मतलब है कि चयन के लिए उम्मीदवारों को किसी तरह की परीक्षा नहीं देनी होगी। 10वीं और 12वीं के और संबंधित ट्रेड में डिप्लोमा में जो अंक प्राप्त हुए हैं उससे मेरिट लिस्ट तैयार की जाएगी।

# रेलवे भर्ती बोर्ड ने निकाली 1376 पदों पर नई भर्ती, 17 अगस्त से करें आवेदन



रेलवे भर्ती बोर्ड ने पैरामेडिकल प्रोफे शनल्स के लिए बंपर वैकेंसी निकाली है। पैरामेडिकल फील्ड से जुड़े कुल 1376 पदों पर भर्ती निकाली गई हैं। इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 अगस्त 2024 से शुरू होगी जो 16 सितंबर 2024 तक चलेगी। इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी रेलवे की ऑफिशियल वेबसाइट www.indianrailways.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

## वैकेंसी ब्योरा

डाइटिशियन (लेवल-7)- 05 पद

नर्सिंग सुपरिटेंडेंट - 713 पद

क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट - 7

डेंटल हाइजीनिस्ट- 03

ऑक्यूपेशनल थैरेपिस्ट- 2

स्पीच थैरेपिस्ट- 1

ईसीजी टेक्निशियन- 13

फील्ड वर्कर- 19

ऑप्टोमेट्रिस्ट टेक्नीशियन- 02

रेडियोग्राफर- 64

टेक्नीशियन- 20

लैबोरेट्री अस्सिटेंट- 27


चयन - सीबीटी परीक्षा , डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन , मेडिकल टेस्ट

आवेदन शुल्क

आवेदन शुल्क सामान्य श्रेणी के आवेदकों के लिए 500 रुपये रखा गया है, जिसमें से 400 रुपये आवेदकों को परीक्षा में शामिल होने पर लौटा दिया जाएगा। एससी/एसटी, महिला और शारीरिक रूप से अशक्त के अलावा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और पूर्व सैनिकों के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये है। इन आवेदकों को परीक्षा में शामिल होने पर शुल्क की पूरी राशि वापस कर दी जाएगी।

# राजस्थान सीईटी के लिए करें आवेदन, किए गए 3 बड़े बदलाव

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट (सीईटी) 2024 ग्रेजुएट लेवल भर्ती परीक्षा के लिए आज से आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। उम्मीदवार वेबसाइट rsmssb.rajasthan.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। अभ्यर्थी 7 सितंबर तक आवेदन कर सकते हैं। इस परीक्षा का आयोजन 21, 22, 25 और 26 अक्टूबर को किया जाएगा। इस भर्ती के तहत प्लाटून कमांडर, जेलर, हॉस्टल सुपरिंटेंडेंट ग्रेड द्वि., जूनियर अकाउंटेंट, पटवारी, जिलेदार, विलेज डेवलपमेंट ऑफिसर, सुपरवाइजर (मेल एंड फीमेल), तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट के पद भरे जाएंगे।




## तीन बड़े बदलाव

सीईटी परीक्षा में इस बार से कई नियमों में बदलाव कर दिया गया है। पहली बार इस पात्रता परीक्षा में निगेटिव मार्किंग का प्रावधान रखा गया है। ऐसा प्रदेश की किसी भी पात्रता परीक्षा में पहली बार हुआ है। इससे पहले किसी भी पात्रता परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं हुई है। रीट, पीटीईटी, बीएसटीसी, सेट, नेट आदि किसी भी पात्रता परीक्षा में निगेटिव मार्किंग नहीं होती है।

इस बार कॉमन एंट्रेंस टेस्ट में हर सवाल के 4 की जगह 5 विकल्प दिए जाएंगे। अभ्यर्थियों को किसी सवाल का जवाब नहीं देने की स्थिति में पांचवें विकल्प को भरना जरूरी होगा। किसी भी प्रश्न का गलत उत्तर देने पर एक तिहाई अंक काट लिया जाएगा।

अब सीईटी में 40 फीसदी अंक लाने वाले अभ्यर्थी भी सरकारी सेवाओं के लिए होने वाली भर्ती परीक्षाओं में शामिल हो सकेंगे। अभी तक विभिन्न भर्ती परीक्षाओं में उपलब्ध वैकेंसी के 15 गुना उम्मीदवारों को लिए मुख्य परीक्षा के लिए शॉर्टलिस्ट किया जाता था। राजस्थान सीईटी में 15 गुना अभ्यर्थी लेने के प्रावधान से लाखों बेरोजगार उम्मीदवार भर्ती से वंचित रह रहे हैं। अभी तक किसी भी भर्ती में 15 गुना उम्मीदवारों से ही आवेदन मांगे जाते रहे और उन्हें ही बार बार अन्य भर्तियों में भी मौका मिलता रहा। सीईटी परीक्षा में 40 फीसदी अंक से पास होने का नियम आने से सरकारी नौकरी की तैयारी करने वाले उम्मीदवारों को काफी राहत मिलेगी। प्रदेश के लाखों अभ्यर्थी इसके लिए काफी समय से मांग कर रहे थे। एससी-एसटी के अभ्यर्थियों को इसमें 5% की छूट दी गई है।

योग्यता - किसी भी विषय से ग्रेजुएशन।

आयु सीमा : न्यूनतम : 18 साल

अधिकतम : 40 साल

आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमों के अनुसार अधिकतम उम्र सीमा में छूट मिलेगी।

फीस : जनरल/ ओबीसी/ ईबीसी सीएल : 600 रुपए

बीसी/ईबीसी/ईडब्ल्यूएस : 400 रुपए

एससी/एसटी/फीमेल : 400 रुपए

## एग्जाम पैटर्न

एग्जाम पैटर्न

यह ऑब्जेक्टिव टाइप परीक्षा होगी जिसमें एमसीक्यू पूछे जाएंगे।

परीक्षा में कुल 150 प्रश्नों का जवाब देना होगा।

परीक्षा 3 घंटे की होगी।

# प्री- डीएलएड फीस आज और जमा करवा सकेंगे

**बीकानेर |** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय की हुई प्री - डीएलएड परीक्षा की प्रथम आवंटन सूची में चयनित अभ्यर्थी रविवार तक दस्तावेज अपलोड कर प्रथम वर्ष की शेष राशि 13 हजार 555 रुपए का ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। समन्वयक डॉ रवि गुप्ता ने बताया कि आवंटित संस्थानों में मूल दतावेजों के साथ व्यक्तिशः रिपोर्टिंग 12 अगस्त तक करनी होगी। सह-समन्वयक संदीप हुड्डा ने बताया कि प्रदेश के 377 शिक्षक शिक्षण संस्थानों में 25,970 सीटों के लिए अभी तक 21 हजार 835 अभ्यर्थियों ने फीस जमा करा दी है। कॉलेज अभ्यर्थी के दस्तावेजों की वेरिफिकेशन कर रहे हैं। अब तक 17 हजार 157 अभ्यर्थियों ने रिपोर्टिंग कर सत्यापन के बाद प्रवेश प्रक्रिया पूरी कर ली हैं। अपवर्ड मूवमेंट के दिशा निर्देश वेबसाइट पर जारी कर दिए गए हैं, लिंक भी जल्द उपलब्ध होंगे।

दैनिक भास्कर
अजमेर 11-08-2024

## प्री-डीएलएडः फीस जमा कराने की आज आखिरी तारीख

अजमेर | प्री डीएलएड पहली आवंटन में चयनित अभ्यर्थियों की फीस जमा कराने की आखिरी तारीख 11 अगस्त है। वीएमओयू कोटा द्वारा आयोजित प्री डीएलएड परीक्षा 2024 की पहली आवंटन सूची में चयनित अभ्यर्थी 11 अगस्त तक वांछित दस्तावेज अपलोड कर प्रवेश की प्रथम वर्ष की शेष राशि 13 हजार 555 रुपए का ऑनलाइन भुगतान करेंगे। समन्वयक डॉ. रवि गुप्ता अध्यापक ने बताया कि आवंटित संस्थानों में मूल दस्तावेज के साथ व्यक्तिगत रूप से अभ्यर्थियों को रिपोर्टिंग 12 अगस्त तक करनी होगी।

# सप्लीमेंट्री परीक्षाएं पहली बार गुरुवार से शुरू नहीं हो रहीं

## आरबीएसईः परीक्षा आयोजन में देरी नहीं हो, इसलिए सोमवार से शुरू कराई जा रही

अजमेर | राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के इतिहास में 10वीं व 12वीं की पूरक परीक्षाएं पहली बार गुरुवार से शुरू नहीं हो रही हैं। परीक्षाओं के लेट हो जाने को देखते हुए बोर्ड इसे सोमवार से शुरू कर रहा है। बोर्ड की परंपरा रही है कि हर बार मुख्य परीक्षा व सप्लीमेंट्री परीक्षाएं गुरुवार से ही शुरू की जाती हैं। 2023 की पूरक परीक्षाएं भी गुरुवार 3 अगस्त से ही शुरू हुई थीं। इन परीक्षाओं का समापन शनिवार 5 अगस्त 2023 को हो गया था। लेकिन इस बार नई परंपरा कायम होने जा रही है। वर्ष 2024 की सप्लीमेंट्री परीक्षाएं सोमवार से शुरू होंगी और बुधवार को पूरी हो जाएंगी।

### स्टूडेंट्स हित को देखते ही निर्णय लिया : बोर्ड सचिव

बोर्ड सचिव कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि कोशिश यही की जा रही थी कि परीक्षाएं गुरुवार से ही शुरू हों। इस बार 15 अगस्त को गुरुवार है। इसके बाद फिर 22 अगस्त को है। यदि गुरुवार का ही इंतजार करते तो परीक्षाएं करीब 15 दिन देरी से शुरू हो पाती। ऐसे में पूरक परीक्षा में बैठने वाले स्टूडेंट्स को परेशानी का सामना करना पड़ता। इन सब परिस्थितियों को देखते हुए फिर सोमवार से ही परीक्षा शुरू कराने का निर्णय लिया गया।

**38 हजार से अधिक स्टूडेंट्स बैठेंगेः** बोर्ड की कक्षा 10वीं व 12वीं की पूरक परीक्षाओं में 38 हजार 152 स्टूडेंट्स शामिल होंगे। इनमें 10वीं के 34,467 व 12वीं के 7,685 परीक्षार्थी भाग लेंगे। प्रदेश में 50 जिलों में 167 केंद्रों पर परीक्षा आयोजन होगा। प्रश्न पत्र पास के पुलिस थानों और चौकियों में रखवाए गए हैं। परीक्षा का समय सुबह 8:30 से 11:45 बजे तक रहेगा। अजमेर में राजकीय जवाहर उमावि और किशनगढ़ में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

दैनिक भास्कर
जयपुर 11-08-2024

# एलडीसी भर्ती परीक्षा आज, 76 हजार अभ्यर्थी बैठेंगे

## सबसे अधिक परीक्षा केंद्र और अभ्यर्थियों की संख्या जयपुर में

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से रविवार को लिपिक ग्रेड-II/ कनिष्ठ सहायक संयुक्त सीधी भर्ती परीक्षा-24 का आयोजन किया जाएगा। दो पारी में होने वाली इस परीक्षा में पहली पारी सुबह 9 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पारी दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक है। बोर्ड का कहना है कि परीक्षा के निर्धारित समय से एक घंटा पहले तक ही एंट्री मिलेगी। यानी पहली पारी में सुबह 8 बजे तक और दूसरी पारी में दोपहर 2 बजे तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसलिए अभ्यर्थी समय का विशेष ध्यान रखते हुए परीक्षा केंद्रों पर पहुंचे। परीक्षा सभी 7 संभागीय मुख्यालयों पर होगी। परीक्षा के लिए यहां कुल 258 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 76681 अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे।

सबसे अधिक अभ्यर्थी और परीक्षा केंद्र जयपुर में हैं। जयपुर में 84 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर 23,907 अभ्यर्थी भाग्य आजमाएंगे। इसके अलावा अजमेर में 27 केंद्रों पर 8298 अभ्यर्थी, भरतपुर में 21 केंद्रों पर 6070 अभ्यर्थी, बीकानेर में 26 केंद्रों पर 8266 अभ्यर्थी, जोधपुर में 26 केंद्रों पर 7476 अभ्यर्थी, कोटा में 28 केंद्रों पर 7294 अभ्यर्थी और उदयपुर में 46 केंद्रों पर 15370 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। राजधानी जयपुर में परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली गई है। परीक्षा के लिए प्रत्येक पारी में 84 उप समन्वयक एवं 14 उड़नदस्तों का गठन किया गया है। जयपुर में परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिए जयपुर जिला कलेक्ट्रेट के कमरा नंबर 116 में एक नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। बोर्ड के सचिव डॉ. बीसी बधाल का कहना है कि जयपुर में भारी बारिश की संभावना है। ऐसे में अभ्यर्थी सुबह 8 बजे से पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना सुनिश्चित कर लें। ताकि किसी प्रकार की परेशानी ना हो। परीक्षा के निर्धारित समय से एक घंटा पहले तक ही प्रवेश दिया जाएगा।

दैनिक भास्कर
चित्तौड़गढ़ भास्कर 11-08-2024

शिक्षा • महाराणा पीजी कॉलेज में प्रवेश की प्रथम वरियता सूची जारी

# आर्ट्स की 1245, कॉमर्स में 181 सीटें भरी, रिक्त सीटों पर 16 तक आवेदन

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रथम प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। प्राचार्य हेमेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि प्रथम वर्ष के कला संकाय में 1300 सीटें पर 1245, वाणिज्य में 400 में 181, जीव विज्ञान में 176 पर 173 व गणित में 176 पर 141 सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित हो गया है। सामान्य श्रेणी में कट ऑफ आर्ट्स में 74, साइंस में 77.80 प्रतिशत रही। श्रेणीवार रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 9 अगस्त से शुरू कर दी गई। इसकी अंतिम तिथि 16 अगस्त है। इसके बाद दूसरी प्रतीक्षा सूची का प्रकाश 20 अगस्त को होगा। उन्होंने बताया कि आर्ट्स में ईडब्ल्यूएस श्रेणी, वाणिज्य व गणित में ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एसी, एसटी, एमबीसी व जीव विज्ञान में एमबीएस श्रेणी में और आवेदन किए जा सकते हैं। मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं ई मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 24 अगस्त है। द्वितीय प्रवेश सूची का प्रकाशन 27 अगस्त को होगा।

## लॉ कॉलेज में प्रथम अस्थायी प्रवेश की सूची कल जारी होगी

राजकीय विधि महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में भी पहली बार प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। आवेदन जमा कराने की आखिरी तिथि 10 अगस्त दोपहर तक आवेदन आते रहे। अब प्रथम अस्थायी प्रवेश सूची 12 अगस्त को जारी होगी। मूल दस्तावेजों की जांच व शुल्क जमा कराने की तिथि 13 से 14 अगस्त तक सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। अंतिम प्रवेश सूची का प्रकाशन 16 अगस्त को होगा। उल्लेखनीय है कि विधि स्नातक प्रथम वर्ष में 60 सीटों के लिए पहली बार शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रारंभ हो रहा है। गत महीने बीसीआई द्वारा मान्यता जारी होने के बाद नोडल कॉलेज महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के अधीन लॉ कॉलेज के पाडनपोल स्थित भवन में ही प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

दैनिक भास्कर
श्रीगंगानगर भास्कर 11-08-2024

**एक्सक्लूसिव** • युवा संबल योजना में श्रीगंगानगर में दो साल की इंटर्नशिप पूरी करने वाले 890+ युवाओं को भत्ते का इंतजार

# बेरोजगारों से इंटर्नशिप करवाई, अब 8 माह से भत्ता ही नहीं दे रही सरकार

भास्कर संवाददाता | श्रीगंगानगर

राज्य सरकार प्रदेश के शिक्षित बेरोजगारों से युवा संबल योजना के तहत इंटर्नशिप करने वाले युवाओं से सरकारी दफ्तरों में हर दिन चार घंटे काम ले रही है। जनवरी 2022 में शुरू हुई इस योजना में करीब 3 हजार युवा इंटर्नशिप कर रहे हैं। लेकिन दिसंबर 2023 से इन युवाओं को इंटर्नशिप के बदले में दिए जाने वाले भत्ते का भुगतान नहीं कर रही है।

योजना के तहत दो साल की इंटर्नशिप पूरी कर चुके श्रीगंगानगर-अनूपगढ़ जिले के करीब 900 युवाओं को भी अपने बकाया भत्ते का इंतजार है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में इंटर्नशिप करने वाले अधिकतर युवा ऐसे परिवारों से हैं, जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। इन युवाओं का कहना है कि उन्होंने अपनी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का खर्च निकालने के लिए इंटर्नशिप के लिए रोजगार कार्यालय में पंजीयन करवाया था। लेकिन योजना के तहत कई माह काम करने के बाद भी उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्हें अपनी जेब खर्ची भी घर वालों से मांगनी पड़ रही है।

इंटर्नशिप पूरी करने वाले युवाओं को बकाया भत्ता मिलेगा, इस पर भी संशय लग रहा है। इसे लेकर वे अपने सोशल मीडिया ग्रुप में भी चिंता व्यक्त कर रहे हैं। भत्ते का भुगतान शीघ्र मिले इसके लिए इन युवाओं ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर भी परिवाद दर्ज करवा रखा है।

**केस-1**



बी कॉम तक शिक्षित आसिफ सरकारी नौकरी के लिए कंपीटिशन की तैयारी कर रहा है। आसिफ ने योजना के तहत जनवरी 2022 में इंटर्नशिप करना स्वीकार किया था। उम्मीद थी कि इससे आर्थिक मदद मिलेगी। लेकिन हुआ उलट। जिला उद्योग केंद्र में इंटर्नशिप करने के बाद उसे परेशानी के साथ 8 माह से अटके भत्ते की राशि मिलने को लेकर मानसिक पीड़ा झेलनी पड़ रही है।

**केस-2**



विशाल कुमार ने स्नातक तक शिक्षा के बाद चार साल पहले सरकारी नौकरी के लिए प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी शुरू कर दी थी। इस बीच उसने अपना खर्चा निकालने के लिए एलआर ऑफिस रावला में इंटर्नशिप शुरू कर दी। इसके बदले कुछ माह तक तो उसे 4,000 रुपए के हिसाब से भत्ता मिलता रहा। दिसंबर माह से ही भत्ते के लिए इंतजार करना पड़ रहा है।

**केस-3**



आठ टीकेडब्ल्यू निवासी जीतराम को भी 7 माह से बेरोजगारी भत्ते का इंतजार है। खेतिहर मजदूर मुख्त्यार सिंह के पुत्र जीतराम ने गांव के ही सरकारी स्कूल में इंटर्नशिप पूरी की है। इंटर्नशिप करते समय जीतराम ने कभी सोचा भी नहीं था कि दो साल तक लगातार काम के बाद भी उसे सरकार से भत्ते के लिए रोजगार कार्यालय तक भटकना पड़ेगा।

## युवाओं की स्थिति... दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 तक नहीं मिला भत्ता, हर माह 12 लाख रु. होता है मानदेय

जनवरी 2022 से चल रही योजना के तहत करीब 7 हजार युवाओं ने रोजगार कार्यालय में इंटर्नशिप के लिए पंजीयन किया था। इनमें से 3200 युवाओं को इंटर्नशिप के लिए अलग-अलग विभाग आवंटित किए गए। इन युवाओं को अगस्त 2023 से नवंबर 2023 तक के भत्ते का भुगतान जुलाई में किया गया। अब इन युवाओं को दिसंबर 2023 से जुलाई 2024 तक बेरोजगारी भत्ता मिलने का इंतजार है। इनमें 891 युवा (407 पुरुष व 484 महिलाएं) भी शामिल हैं। इनमें से कुछ ने दो साल की इंटर्नशिप 31 दिसंबर 23 में ही पूरी कर ली थी। जबकि अनेक ने अब 30 जून 2024 को इंटर्नशिप पूरी की है। रोजगार कार्यालय के अनुसार इंटर्नशिप करने वाले युवाओं के भत्ते का हर माह करीब 12 लाख रुपए का बिल बनता है। अभी दिसंबर 2023 से फरवरी 2024 तक के बिल ट्रेजरी में भेजे हुए हैं। इनका भुगतान होने के बाद मार्च 2024 से जुलाई तक के बिल आगामी दिनों में भेजे जाएंगे।

*मुख्यमंत्री युवा संबल योजना में इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को घबराना नहीं चाहिए। निर्धारित प्रक्रिया के तहत उनके भत्ता बिल कोष कार्यालय में भिजवाए जा रहे हैं। कोष कार्यालय जयपुर से हर युवा के खाते में दिसंबर 2023 से फरवरी तक के भत्ते की राशि आगामी सप्ताह में हस्तांतरित किए जाने की उम्मीद है।*

सुखमन जोहल, जिला रोजगार अधिकारी।

दैनिक भास्कर
चित्तौड़गढ़ भास्कर 11-08-2024

शिक्षा • महाराणा पीजी कॉलेज में प्रवेश की प्रथम वरियता सूची जारी

# आर्ट्स की 1245, कॉमर्स में 181 सीटें भरी, रिक्त सीटों पर 16 तक आवेदन

भास्कर संवाददाता | चित्तौड़गढ़

महाराणा प्रताप राजकीय पीजी कॉलेज में स्नातक प्रथम वर्ष की प्रथम प्रवेश सूची जारी कर दी गई है। प्राचार्य हेमेंद्र नाथ व्यास ने बताया कि प्रथम वर्ष के कला संकाय में 1300 सीटें पर 1245, वाणिज्य में 400 में 181, जीव विज्ञान में 176 पर 173 व गणित में 176 पर 141 सीटों पर प्रवेश सुनिश्चित हो गया है। सामान्य श्रेणी में कट ऑफ आर्ट्स में 74, साइंस में 77.80 प्रतिशत रही। श्रेणीवार रिक्त रही सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 9 अगस्त से शुरू कर दी गई। इसकी अंतिम तिथि 16 अगस्त है। इसके बाद दूसरी प्रतीक्षा सूची का प्रकाश 20 अगस्त को होगा। उन्होंने बताया कि आर्ट्स में ईडब्ल्यूएस श्रेणी, वाणिज्य व गणित में ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एसी, एसटी, एमबीसी व जीव विज्ञान में एमबीएस श्रेणी में और आवेदन किए जा सकते हैं। मूल दस्तावेजों का सत्यापन एवं ई मित्र पर शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 24 अगस्त है। द्वितीय प्रवेश सूची का प्रकाशन 27 अगस्त को होगा।

## लॉ कॉलेज में प्रथम अस्थायी प्रवेश की सूची कल जारी होगी

राजकीय विधि महाविद्यालय चित्तौड़गढ़ में भी पहली बार प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। आवेदन जमा कराने की आखिरी तिथि 10 अगस्त दोपहर तक आवेदन आते रहे। अब प्रथम अस्थायी प्रवेश सूची 12 अगस्त को जारी होगी। मूल दस्तावेजों की जांच व शुल्क जमा कराने की तिथि 13 से 14 अगस्त तक सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। अंतिम प्रवेश सूची का प्रकाशन 16 अगस्त को होगा। उल्लेखनीय है कि विधि स्नातक प्रथम वर्ष में 60 सीटों के लिए पहली बार शैक्षणिक सत्र 2024-25 प्रारंभ हो रहा है। गत महीने बीसीआई द्वारा मान्यता जारी होने के बाद नोडल कॉलेज महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज के अधीन लॉ कॉलेज के पाडनपोल स्थित भवन में ही प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

दैनिक भास्कर
जोधपुर 11-08-2024

शिक्षा विभाग का आरटीई घोटाला

# स्कूलों से वसूली के लिए शिक्षा विभाग ने मांगी स्पष्ट अभिशंषा

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

राइट टू एजुकेशन के तहत निजी स्कूलों में असुविधाग्रस्त व दुर्बल वर्ग के विद्यार्थियों को 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क प्रवेश दिया जाता है, लेकिन कई विद्यार्थियों के नाम सरकारी स्कूलों के साथ निजी स्कूलों में भी बोल रहे हैं। निजी स्कूल के बच्चों के नाम सरकारी स्कूलों में बोल रहे हैं।

सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे कई बच्चों का भुगतान निजी स्कूलों ने उठा लिया है। इसके लिए अब शिक्षा विभाग इन निजी स्कूलों से राशि वसूल करेगा। ये पूरा एक स्कैम है, जो 9-10 माह पूर्व सामने आया था। शिक्षा विभाग के जिले में कार्यरत अधिकारियों द्वारा स्पष्ट अभिशंषाएं नहीं भेजने के कारण दोषियों पर शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारी कार्रवाई नहीं कर पा रहे हैं। जोधपुर में 1 हजार से ज्यादा स्कूलें संदेह के दायरे में हैं, जिनमें कइयों में जांच की पुष्टि में अभी तक कुछ नहीं मिला है, लेकिन कुछेक निजी स्कूलों को राज्य सरकार से गलत भुगतान हो रखा है, जिनसे पैसे वसूलने की कार्रवाई होगी। जोधपुर मंडल के जोधपुर, बाड़मेर-जैसलमेर जिले में कुल 2226 स्कूलों के लिए जांच बैठाई गई है। अब जोधपुर, बाड़मेर व जैसलमेर के डीईओ रिपोर्ट तैयार करेंगे।

## 1 साल से पत्राचार, पैसे वसूल नहीं कर पा रहे

शिक्षा विभाग के अधिकारी दस माह में केस सामने आने के बावजूद शहर की कई निजी स्कूलों पर कार्रवाई नहीं कर पाए। कई निजी स्कूलों को शिक्षा विभाग के अफसर बचाने में जुटे हैं। निदेशालय ने अपनी सूची में जांच के लिए 2226 स्कूलों का उल्लेख किया, ये सभी स्कूल जोधपुर, बाड़मेर व जैसलमेर की हैं। शिक्षा विभाग ने अब स्पष्ट अभिशंषा न भेजने वाली स्कूलों को कहा है कि वे जांच अधिकारी कॉलमों में कक्षा के साथ सत्र का उल्लेख, गांव, ब्लॉक, शहर का नाम, किस्तों का उल्लेख, जिनसे पैसे लेने हैं, उनसे स्पष्ट अभिशंषा करें। विद्यार्थी का प्रवेश क्रमांक व प्रतिवेदन के समस्त कॉलम भी भरें।

## स्पष्ट अभिशंषा के बाद होगी उचित कार्रवाई

*हमने सभी से स्पष्ट अभिशंषा मांगी है। जानकारी के बाद उचित कार्रवाई करेंगे।*

**-सीमा शर्मा,** सीडीईओ, जोधपुर

दैनिक भास्कर

जयपुर 11-08-2024

# आरयू: कॉलेजों में यूजी की 386 सीटें खाली, इनमें साइंस की भी

**जयपुर** | राजस्थान विश्वविद्यालय और इसके संघटक कॉलेज से सत्र 2024-25 में पास व ऑनर्स कोर्स जैसे बीएससी, बीकॉम, बीए, बीबीए, बीबीए और बीसीए में प्रवेश के बाद पिछले माह से नियमित कक्षाएं लगने लगी हैं। इधर, संघटक कॉलेज महाराजा, महारानी, कॉमर्स और राजस्थान कॉलेज में सीटें खाली रह गईं। मौजूदा स्थिति में यूजी में कुल सीटें 6655 में से 6269 सीटें भर चुकी और 386 सीटें खाली पड़ी हैं।

**इनमें सीटें भर चुकी :** ▪ महारानी (ईएएफएम, केमिस्ट्री, फिजिक्स, हिस्ट्री, साइकोलॉजी) ▪ महाराजा (केमिस्ट्री, मैथ्स, फिजिक्स, जूलॉजी) -कॉमर्स कॉलेज (एबीएसटी)

*मेडिकल, इंजीनियरिंग और अन्य प्रोफेशनल कोर्सेज में विद्यार्थियों के जाने से सीटें खाली हैं। अब जिन संघटक कॉलेजों में भी यूजी की खाली सीटों की संख्या की सूचना प्राचार्य की ओर से भेजने पर सोचा जाएगी। इस संबंध में कुलपति से चर्चा होगी। इसके बाद में ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा।*

**-प्रो.रामावतार शर्मा,** कन्वीनर, सेन्ट्रल एडमिशन बोर्ड -2024

दैनिक भास्कर जयपुर 11-08-2024

# पहली से 8वीं कक्षा तक 7वां पीरियड रीडिंग का

## शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश



**जयपुर |** विद्यार्थियों का लर्निंग लेवल सुधारने के लिए शिक्षा विभाग अब नया प्रयोग कर रहा है। पहली से आठवीं कक्षा तक के लिए अब 7वां पीरियड रीडिंग के लिए निर्धारित रहेगा। इस पीरियड को अधिक प्रभावी बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा। इसके साथ ही विद्यार्थियों की रीडिंग फ्लुएंसी और रीडिंग कॉम्प्रिहेंशन का भी मूल्यांकन होगा। शिक्षा विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। इस आदेश में अकादमी प्लान की पूरी डिटेल दी गई है। इसमें इन कक्षाओं के लिए पूरे साल की गतिविधियों को शामिल किया गया है। इसके अलावा 8वीं कक्षा तक के बच्चों की पिछली कक्षाओं की कमियों को दूर करने के लिए 12 क्लस्टर वर्कबुक्स भी तैयार कराई गई हैं। इसको अलग-अलग नाम दिया गया है। इन वर्कबुक्त के जरिए विद्यार्थियों की हिंदी, गणित और अंग्रेजी की कमियों को दूर किया जाएगा। कक्षा 3 के विद्यार्थियों के लिए पहल नामक वर्कबुक्स तैयार कराई गई है, जिसके जरिए पहली और दूसरी कक्षा की कमियां दूर की जाएगी। इसके अलावा कक्षा 4-5 के लिए प्रयास, कक्षा 6-7 के लिए प्रवाह और कक्षा 8 के लिए प्रखर वर्कबुक्त तैयार कराई गई है।

दैनिक भास्कर
पाली भास्कर 11-08-2024

**प्रचार-प्रसार नहीं** • 2.5 करोड़ से बना छात्रावास, 25 से कम आवेदन पर शुरू नहीं होगा

# अल्पसंख्यक छात्रावास की 50 सीटें हैं, आवेदन अब तक तीन ने ही किया

भास्कर संवाददाता | पाली

जिला मुख्यालय पर 2.5 करोड़ से बनकर तैयार बालक अल्पसंख्यक छात्रावास अधिकारियों की उदासीनता के चलते शुरू नहीं हो पा रहा। छात्रावास में मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी, बौद्ध धर्म के कक्षा 9 से उच्चतर शिक्षा लेने वाले बालकों को प्रवेश देने के लिए शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शुरू करना था।

डेढ़ माह बाद भी केवल 3 विद्यार्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया है। बता दें छात्रावास में इस सत्र में पहली बार प्रवेश होंगे। विभाग ने आवेदन करने की अंतिम तिथि पहले 15 जुलाई थी। आवेदन नहीं आने पर एक माह बढ़ाकर 15 अगस्त कर दिया। शनिवार तक 3 अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए आवेदन किया। ऐसे में अगर 25 अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन नहीं किया गया तो छात्रावास शुरू नहीं हो पाएगा। अधिकारियों की लापरवाही के चलते छात्रावास में प्रवेश नहीं हुए तो छात्रावास बनने के बावजूद भी विद्यार्थियों को लाभ नहीं मिल पाएगा।

## मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, पारसी , बौद्ध बच्चों को दिया जाना है प्रवेश



पाली. अल्पसंख्यक छात्रावास।

## वार्षिक आय 8 लाख से कम वाले अभ्यर्थी ले सकते हैं प्रवेश

अल्पसंख्यक छात्रावास में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी के परिवार की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए। जिनके माता या पिता सरकारी नौकरी कर रहे हैं उनका वेतन लेवल -11 तक का ही होना चाहिए। छात्रावास में मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन,पारसी ,बौद्ध धर्म के बालकों को ही प्रवेश मिलेगा। आवेदन के साथ गतवर्ष की अंकतालिका की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति, टीसी, प्रवेश शुल्क की रसीद, विद्यार्थी का स्कूल, कॉलेज का परिचय पत्र, आधार कार्ड स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति, आय प्रमाण-पत्र, अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, बीपीएल प्रमाण, पत्र, छात्रावास में मिलने वाले माता, पिता व सगे भाई/बहन का ग्रुप फोटो मय आईडी प्रूफ की छायाप्रति देना होगी। जानकारी वेबसाइट https://minority.raj asthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

## जिला अधिकारियों के दोनों पद खाली

अल्पसंख्यक विभाग के जिला अधिकारियों के दोनों पद लम्बे समय से खाली चल रहें हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी और जिला अल्पसंख्यक कार्यक्रम अधिकारी के पद रिक्त चल रहें हैं। जोधपुर के अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को पाली का भी अतिरिक्त चार्ज दिया गया हैं। वहीं कार्यक्रम अधिकारी के पद पर नियुक्त अधिकारी का भी किसी अन्य भर्ती में चयन होने पर रिक्त हो गया। ऐसे में विभाग के दोनों पद रिक्त होने पर योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन नहीं हो पाता हैं। जिससे अल्पसंख्यक समुदाय के लोगो को फायदा नहीं मिल पाता हैं।

## इनको मिलेगा प्रवेश में आरक्षण

इस शैक्षणिक सत्र में 50 सीटों पर प्रवेश मिलेगा। मुस्लिम को 79.49 प्रतिशत, सिख को 11.16 प्रतिशत, ईसाई को 1.22, बौद्ध को 0.15 प्रतिशत, पारसी को 0.03 प्रतिशत, जैन को 7.95 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। आवेदन प्राप्त नहीं होते हैं, तो सभी वर्गों की सामान्य वरीयता के आधार पर शेष रही सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। छात्रावास की 10 प्रतिशत सीटें अल्पसंख्यक वर्ग के विधवा, दिव्यांग, अनाथ व बीपीएल परिवार के छात्र-छात्राओं के लिए आरक्षित रहेंगी।